रजिस्ट्री सं. डी. एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 3] नई दिल्ली, जनवरी 14—जनवरी 20, 2018, शनिवार/पौष 24—पौष 30, 1939
No. 3] NEW DELHI, JANUARY 14— JANUARY 20, 2018, SATURDAY/ PAUSA 24—PAUSA 30, 1939

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

गृह मंत्रालय

[केन्द्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (के.अ.ब्यूरो)]

नई दिल्ली, 11 जनवरी, 2018

सा.का.नि. 24.—राष्ट्रपति, एतद्द्वारा संविधान के अनुच्छेद 309 के प्रावधानों के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) (सामान्य केंद्रीय सेवा, गैर-राजपत्रित, गैर-मंत्रालयी समूह-'ग' पदों) (बहुकार्यन कर्मचारी) भर्ती नियम 2002 जो न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) में प्रयोगशाला सहायक के पद से संबंधित हैं, में उन बातों के सिवाय जिन्हें अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या जिनका लोप किया गया है, के लिए गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) में बहुकार्यन कर्मचारी (तकनीकी) के पद के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम व प्रारंभ.—**(1) इन नियमों को केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, गृह मंत्रालय (बहुकार्यन कर्मचारी-तकनीकी), समूह-'ग' पद भर्ती नियम 2017 कहा जायेगा।

(2) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. पदों की संख्या, इनका वर्गीकरण, पे-बैंड तथा ग्रेड वेतन अथवा वेतनमान.—पदों की संख्या, वर्गीकरण, तथा संबंधित पे-बैंड एवं ग्रेड वेतन अथवा वेतनमान इन नियमों के साथ जुडी अनुसूची के कॉलम संख्या 2 से 4 में दिये गये के अनुसार होंगे।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, शैक्षणिक योग्यताएं आदि.—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, शैक्षणिक योग्यताएं एवं इनसे जुडे अन्य मामले कथित अनुसूची के कॉलम संख्या (5) से (13) के अनुसार होंगे।

4. निरहर्ता.-वह व्यक्ति,-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नही होगा।

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति.—जहां केन्द्र सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति.—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

क्रम सं.	कालम का शीर्ष	अनुमोदित नियमों में प्रावधान	संशोधित प्रस्तावित प्रावधान	कारण
1	पद का नाम	प्रयोगशाला परिचर, केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो)	बहुकार्यन कर्मचारी (तकनीकी)	6वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सीएफएसएल (सीबीआई) प्रयोगशाला के लिए तकनीकी पृष्ठभूमि होनी चाहिए।
2	पदों की संख्या	16 *(2002) *कार्यभार पर आधारित भिन्नता के अधीन	16 *(2017) *कार्यभार पर आधारित भिन्नता के अधीन	--
3	वर्गीकरण	सामान्य केन्द्रीय सेवा (ग्रुप सी), अराजपत्रित गैर-मंत्रालयी।	कोई बदलाव नहीं	--
4	पे मैट्रिक्स में लेवल	रु. 2650-65-3300-70-4000	1	7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार।
5	क्या नियुक्ति मेरिट अथवा नियुक्ति-सह-वरिष्ठता अथवा गैर-नियुक्ति के आधार पर की गयी है।	लागू नहीं	कोई बदलाव नहीं	--

6	सीधी नियुक्ति की आयु-सीमा	18-27 वर्ष	18-25 वर्ष **नोट:** आयु-सीमा के निर्धारण के लिsए अंतिम तिथि भारत के उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी (एवं न कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लद्दाख क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश राज्य के लहुअल एवं स्पीति जिले और चंबा जिले के पंगी अनुमंडल, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह एवं लक्षद्वीप के लिए निर्धारित की गई तिथि) रोजगार केन्द्र के द्वारा की जाने वाली भर्ती में आयु-सीमा निर्धारण की अंतिम तिथि रोजगार केन्द्र से नाम मांगे जाने की अंतिम तिथि होगी।	डीओपीटी का.ज्ञा. न.एबी-14017/6/2009-इएसटीटी (आरआर) दिनांक 30.04.2010 के अनुसार।
7	सीधी भर्ती हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं।	**अनिवार्य:** 8वी उत्तीर्ण। **वांछनीय:** प्रयोगशाला में काम का 1 साल का अनुभव।	**अनिवार्य:** मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष उत्तीर्ण।	6वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार तकनीकी कर्मचारियों को समूह घ से समूह ग में उन्नत कर दिया गया है।
8	क्या पदोन्नति के मामलों में भी सीधी भर्ती के लिए निर्धारित की गईं आयु-सीमा एवं शैक्षिक योग्यताएं लागू होंगी।	लागू नहीं	कोई बदलाव नहीं	--
9	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो तो	दो वर्ष	कोई बदलाव नहीं	--
10	नियुक्ति की पद्धति, सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा हो तथा अन्य विभिन्न तरीकों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	सीधी भर्ती द्वारा	सीधी भर्ती द्वारा क्रम संख्या 12 पर ग्रुप-ग के लिए वर्णित वि.प.स. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का निर्णय लेगी।	6वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार तकनीकी कर्मचारियों को ग्रुप घ से ग्रुप ग में पदोन्नत कर दिया गया है।
11	पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति/ आमेलन के द्वारा भर्ती की स्थिति में जिस पद से पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति होनी है उसका वेतन मैट्रिक्स में लेवल	लागू नहीं	कोई बदलाव नहीं	--

12	यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका संयोजन	लागू नहीं	**निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनी (विचार एवं पुष्टि हेतु) समूह 'ग' विभागीय पदोन्नति समिति:** 1. निदेशक, केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) -अध्यक्ष 2. प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी (प्रशासन), केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) –सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो। -सदस्य 4. गृह मंत्रालय के अपर सचिव -सदस्य	
13	भर्ती की प्रक्रिया में वे परिस्थितियां जिनमें संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है।	लागू नहीं	कोई बदलाव नहीं	

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में लेवल	चयनित पद है अथवा गैर-चयनित
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
बहुकार्यन कर्मचारी (तकनीकी)	16 *(2017) *कार्यभार पर आधारित भिन्नता के अधीन	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'ग' अराजपत्रित गैर-मंत्रालयी।	1	लागू नहीं

सीधी भर्ती हेतु आयु सीमा	सीधी भर्ती हेतु शैक्षिक एवं अन्य अहर्ताएं	क्या सीधी भर्ती हेतु निर्धारित आयु एवं शैक्षणिक अहर्ताएं पदोन्नति में भी लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो तो
(6)	(7)	(8)	(9)
18-25 वर्ष **नोट :** आयु-सीमा के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि भारत के उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी (एवं न कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर,	**अनिवार्य:** मैट्रिक परीक्षा अथवा इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।	लागू नहीं	दो वर्ष

नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लददाख क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश राज्य के लहुअल एवं स्पीति जिले और चंबा जिले के पंगी अनुमंडल, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह एवं लक्षद्वीप के लिए निर्धारित की गई तिथि) रोजगार केन्द्र के द्वारा की जाने वाली भर्ती में आयु-सीमा निर्धारण की अंतिम तिथि रोजगार केन्द्र से नाम मांगे जाने की अंतिम तिथि होगी।			

नियुक्ति की पद्धति, सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा हो तथा अन्य विभिन्न तरीकों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत।	पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति / आमेलन के द्वारा भर्ती की स्थिति में जिस पद से पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति होनी है उसका वेतन मैट्रिक्स में लेवल
(10)	(11)
सीधी भर्ती द्वारा क्रम संख्या 12 पर ग्रुप-ग के लिए वर्णित वि.प.स. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का निर्णय लेगी।	लागू नहीं

यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो, उसका संयोजन क्या है।	भर्ती की प्रक्रिया में वे परिस्थितियां जिनमें संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है।
(12)	(13)
निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनी (विचार एवं पुष्टि हेतु) समूह 'ग' विभागीय पदोन्नति समिति: 1. निदेशक, केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) -अध्यक्ष 2. प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी (प्रशासन), केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) –सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो। -सदस्य 4. गृह मंत्रालय के अपर सचिव -सदस्य	लागू नहीं

[फा. सं. 9-41/2014-सीएफएसएल(सीबीआई)]

आर. के. सोनी, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

[CENTRAL FORENSIC SCIENCE LABORATORY (CBI)]

New Delhi, the 11th January, 2018

G.S.R. 24 .— In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) (General Central Service, Non-Gazetted, Non-Ministerial Group 'C' Posts) (Laboratory Attendant) Recruitment Rules, 2002, in so far as it relates to the post of Laboratory Attendant Central Forensic Science Laboratory, (Central Bureau of Investigation), except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Multi Tasking Staff (Technical) in the Central Forensic Science Laboratory, Central Bureau of Investigation, Ministry of Home Affairs, namely:-

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Central Forensic Science Laboratory, Central Bureau of Investigation (Multi Tasking Staff - Technical), Group 'C' post Recruitment Rules, 2017.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of Posts, Classification, pay band and grade pay or pay scale.—The number of posts, its classification, pay band and grade pay or pay scale attached thereto shall be as specified in Columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age-limit, qualifications etc.—The method of recruitment to the said posts, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. Disqualification.—No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government, may, if satisfied that such a marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage, and that there are grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to Relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of the persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Col. No.	Title of the Column	Provision in the Approved Rules	Revised Provision Proposed	Reason
1.	Name of the Post	Laboratory Attendant Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation)	Multi Tasking Staff (Technical)	As per 6th Centre Pay Commission recommendations and technical background required in CFSL (CBI) Laboratory.
2.	No. of Posts	16* (2002) *Subject to variation dependent on Workload	16* (2017) *Subject to variation dependent on Workload	--
3.	Classification	General Central Service (Group C), Non-Gazetted Non-Ministerial.	No Change	--
4.	LEVEL in the PAY MATRIX	Rs. 2650-65-3300-70-4000	1	As per the 7th CPC recommendations

5.	Whether selection by merit or selection-cum-seniority or non-selection	Not applicable	No change	--
6.	Age-Limit for Direct recruits	18-27 years	18-25 years **Note:** The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of application from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of J&K State, Lahual & Spiti district and Pangi Sub Division of Chamba district of Himachal Pradesh, Andaman & Nicobar Islands or lakshadweep). In the case of recruitment made through the Employment Exchange, the crucial date for determining the age-limit shall be the last date up to which the Employment Exchange is asked to submit the names.	As per DOPT OM No. AB 14017/6/ 2009-Estt. (RR) dt. 30.04.2010
7.	Educational and other qualifications required for direct recruits	**Essential :** VIIIth Standard Pass **Desirable:** One year's experience of work in a Laboratory.	**<u>Essential:</u>** Matriculation or equivalent pass. .	Technical Staff enhanced from Group D to Group C as per 6th CPC recommendations.
8.	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Not applicable	No Change	--
9.	Period of probation, if any	Two years	No change	--
10.	Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods	By direct Recruitment	By direct recruitment, . The group-C DPC committee at Sl. No. 12 will decide the criteria for calling candidate for written examination and interview.	Technical Staff enhanced from Group D to Group C as per 6th CPC recommendations.
11.	In case of recruitment by promotion or deputation/ absorption, LEVEL in the PAY MATRIX from which promotion or deputation/ absorption to be made	Not applicable	No change	--

12.	If a Departmental promotion Committee exists, what is its composition	Not applicable	**Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering and confirmation) consisting of:** 1. Director, Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation). - Chairman 2. Principal Scientific Officer (Administration), Central Forensic Science Laboratory, (Central Bureau of Investigation.) - Member 3. Administrative Officer (Personnel), Central Bureau of Investigation. - Member 4. Under Secretary of MHA. - Member	--
13.	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.	Not applicable	No change	

Name of the post	Number of posts	Classification	LEVEL in the PAY MATRIX	Whether selection post or non-selection post
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Multi Tasking Staff (Technical)	16* (2017) * Subject to variation dependent on workload.	General, Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial.	1	Not applicable

Age-limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruitment will apply in the case of promotes	Period of probation, if any
(6)	(7)	(8)	(9)
Between 18 and 25 years of age **Note:** The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of application from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of J&K State, Lahual & Spiti district and Pangi Sub-Division of Chamba district of Himachal Pradesh, Andaman & Nicobar Islands or lakshadweep). In the case of recruitment made through the Employment Exchange, the crucial date for determining the age-limit shall be the last date up to which the Employment Exchange is asked to submit the names.	**Essential :** Matriculation or equivalent pass. .	Not applicable	Two years

Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation/absorption, LEVEL in the PAY MATRIX from which promotion or deputation/absorption to be made
(10)	(11)
By direct recruitment The group-C DPC committee at Sl. No. 12 will decide the criteria for calling candidate for interview.	Not applicable

If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(12)	(13)
Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering and confirmation) consisting of: 1. Director, Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation). - Chairman 2. Principal Scientific Officer (Administration), Central Forensic Science Laboratory, (Central Bureau of Investigation - Member 3. Administrative Officer (Personnel), Central Bureau of Investigation. - Member 4. Under Secretary of MHA. - Member	Not applicable.

[F. No. 9-41/2014-CFSL(CBI)]

R. K. SONI, Under Secy.

नई दिल्ली, 11 जनवरी, 2018

सा.का.नि. 25 .—राष्ट्रपति एतद्द्वारा संविधान के अनुच्छेद 309 के प्रावधानों के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) (समूह-'ग' पद) के भर्ती नियम 2008 जो न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) में स्टोरकीपर ग्रेड-I के पद से संबंधित हैं, में उन बातों के सिवाय जिन्हें अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या जिनका लोप किया गया है, के लिए गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) में स्टोर कीपर ग्रेड-I (सामान्य ग्रेड) के पद के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम व प्रारंभ.**—(1) इन नियमों को केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला प्रयोगशाला, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, स्टोर कीपर, समूह-ग पद भर्ती नियम 2017 कहा जायेगा।

(2) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण, पे मैट्रिक्स में लेवल.**—पदों की संख्या, वर्गीकरण, तथा पे मैट्रिक्स में लेवल इन नियमों के साथ जुडी अनुसूची के कॉलम संख्या (2 से 4) में दिये गये के अनुसार होंगे।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, शैक्षणिक योग्यताएं आदि.**—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, शैक्षणिक योग्यताएं एवं इनसे जुडे अन्य मामले कथित अनुसूची के कॉलम संख्या (5 से 13) के अनुसार होंगे।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्र सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यायवृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में लेवल	चयनित पद है अथवा गैर-चयनित
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
स्टोर कीपर ग्रेड-I	(2017) 1 * * कार्यभार पर आधारित भिन्नता के अधीन	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'ग' अराजपत्रित गैर-मंत्रालयी।	4	लागू नहीं

सीधी भर्ती हेतु आयु-सीमा	सीधी भर्ती हेतु शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं
(6)	(7)
18-25 वर्ष बीच (केन्द्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों अथवा आदेशों के अनुसार केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष तक छूट) **नोट:** आयु-सीमा के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि भारत के उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी (एवं न कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लददाख क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहौल एवं स्पीति जिले और चंबा जिले के पांगी उप-खण्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह एवं लक्षद्वीप के लिए निर्धारित की गई तिथि) अथवा आयु-सीमा के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि कर्मचारी चयन आयोग द्वारा घोषित तिथि होगी। (लागू नहीं-उस मामले में जहां सीधी भर्ती द्वारा भर्ती	(क) (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वद्यिालय से 12वीं उत्तीर्ण। (ii) किसी स्टोर अथवा केन्द्र अथवा राज्य सरकार, स्वायत्त/सांविधिक संगठन, पीएसयू अथवा विश्वविद्यालय/बैंकों या भारत के स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध संस्था अथवा निजी क्षेत्र संगठन में स्टोर संचालन एवं लेखा रखरखाव में 2 वर्षों का अनुभव। अथवा (ख) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से वाणिज्य/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/व्यावसायिक अध्ययन/लोक प्रशासन के एक विषय के रूप में स्नातक की उपाधि। **नोट 1:** की स्थिति में सक्षम अधिकारी/कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार लिखित कारण दर्ज करते हुए शैक्षिक अर्हता में छूट दी जा सकती है। **नोट 2:** यदि चयन प्रक्रिया के किसी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी/कर्मचारी चयन आयोग का यह मत है कि इन समुदायों से वांछित अनुभव प्राप्त अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए उपलब्ध नहीं है तो, सक्षम प्राधिकारी/कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति से संबंधित

प्रक्रिया नहीं है) (यदि सीधी खुली प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया द्वारा सीधी भर्ती हो तब आयु-सीमा 18 से 27 वर्ष के मध्य होगी)	अभ्यर्थियों के मामले में लिखित कारण दर्ज करते हुए अनुभव से संबंधित शैक्षणिक योग्यताएं में छूट दी जा सकती है।

क्या सीधी भर्ती हेतु निर्धारित आयु एवं शैक्षणिक अर्हताएं पदोन्नति में भी लागू होंगी।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो तो
(8)	(9)
लागू नहीं	सीधी भर्ती से आने वाले कर्मचारियों के लिए दो वर्ष पदोन्नति से आने वाले उम्मीदवारों के लिए 'शून्य'

भर्ती की पद्धति, सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा हो तथा अन्य विभिन्न विधियों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति /आमेलन के द्वारा भर्ती की स्थिति में जिस पद से पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति होनी है उसका ग्रेड
(10)	(11)
सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं

यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो, उसका संयोजन क्या है	भर्ती की प्रक्रिया में वे परिस्थितियां जिनमें संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है।
(12)	(13)
निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनी समूह 'ग' विभागीय स्थायीकरण समिति: 1. निदेशक, केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) -अध्यक्ष 2. प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी (प्रशासन), केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) –सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो -सदस्य 4. गृह मंत्रालय के अपर सचिव -सदस्य	लागू नहीं।

क्रम संख्या	कालम का शीर्ष	अनुमोदित नियमों में प्रावधान	प्रस्तावित संशोधित प्रावधान	कारण
1.	पद का नाम	स्टोर कीपर, केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो)	स्टोर कीपर, ग्रेड-I	का.ज्ञा. सं.एबी-14017/2014-ईएसटीटी. (आरआर) दिनांक16.01.2015 द्वारा जारी नमूना भर्ती नियमों के अनुसार

2.	पदों की संख्या	1 *(2008) * कार्यभार पर आधारित भिन्नता के अधीन	1 *(2017) * कार्यभार पर आधारित भिन्नता के अधीन	मात्र वर्ष बदला गया है
3.	वर्गीकरण	सामान्य केन्द्रीय सेवा (समूह ग), अराजपत्रित गैर-मंत्रालयी।	कोई बदलाव नहीं।	-
4.	पे बैण्ड एवं ग्रेड वेतन/ वेतनमान, पे मैट्रिक्स में लेवल	रु. 4000-100-6000	4	7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार
5.	चयन पद है अथवा गैर चयन पद	लागू नहीं	लागू नहीं	-
6.	सीधी भर्ती के लिए आयु-सीमा	18-25 वर्ष के बीच (केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों अथवा आदेशों के अनुसार सामान्य वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 वर्ष) **नोट 1:** नोट-आयु-सीमा के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि भारत के उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी (एवं न कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लददाख क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहौल एवं स्पीति जिले और चंबा जिले के पांगी उप-खण्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह एवं लक्षद्वीप के लिए निर्धारित की गई तिथि) **नोट 2:** उस मामले में जिसमें रोजगार कार्यालय के माध्यम से	18-25 वर्ष के बीच (केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों अथवा आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष) **नोट :** आयु-सीमा के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि भारत के उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी (एवं न कि असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लददाख क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहौल एवं स्पीति जिले और चंबा जिले के पांगी उप-खण्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह एवं लक्षद्वीप के लिए निर्धारित की गई तिथि) अथवा आयु-सीमा के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि कर्मचारी चयन आयोग द्वारा घोषित तिथि होगी। (लागू नहीं-उस मामले में जहां सीधी भर्ती द्वारा भर्ती प्रक्रिया नहीं है) (यदि सीधी खुली प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया द्वारा सीधी भर्ती हो तब आयु-सीमा 18 से 27 वर्ष के मध्य होगी)	डीओपीटी के का.ज्ञा. न. एबी-14017/11/2014-स्था. (आरआर) दिनांक 16.01.2015 द्वारा जारी नमूना भर्ती नियमों के अनुसार

		भर्ती होने की स्थिति में आयु-सीमा निर्धारण की अंतिम तिथि वह तिथि होगी जिस तिथि को रोजगार कार्यालय को नाम प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था।		
7.	सीधी भर्ती हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं।	**अनिवार्य:** मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से (i) मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष। (ii) प्रमुख सार्वजनिक या निजी क्षेत्र के कार्यालयों में स्टोर संचालन और लेखा रखरखाव में एक वर्ष का अनुभव । **वांछनीय:** लेखाशास्त्र में डिप्लोमा अथवा वाणिज्य या अर्थशास्त्र, सांख्यिकी के विषय के साथ स्नातक की डिग्री। **नोट:** यदि चयन प्रक्रिया के किसी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी का यह मत है कि इन समुदायों से वांछित अनुभव प्राप्त अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए उपलब्ध नहीं है तो, सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में लिखित कारण दर्ज करते हुए छूट दी जा सकती है।	(क) (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 12वी उत्तीर्ण। (ii) किसी स्टोर अथवा केन्द्र अथवा राज्य सरकार, स्वायत्त/सांविधिक संगठन, पीएसयू अथवा विश्वविद्यालय/बैंको या भारत के स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध संस्था अथवा निजी क्षेत्र संगठन में स्टोरसंचालन एवं लेखा रखरखाव में 2 वर्षो का अनुभव। अथवा (ख) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से वाणिज्य/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/ व्यावसायिक अध्ययन/ लोक प्रशासन के एक विषय के रूप में स्नातक की उपाधि। **नोट 1:** सुयोग्य उम्मीदवारों की स्थिति में सक्षम अधिकारी/कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार लिखित कारण दर्ज करते हुए शैक्षिक अर्हता में छूट दी जा सकती है। **नोट 2:** यदि चयन प्रक्रिया के किसी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी/कर्मचारी चयन आयोग का यह मत है कि इन समुदायों से वांछित अनुभव प्राप्त अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए	डीओपीटी के का.ज्ञा; सं. एबी-14017/11/2014-स्था. (आरआर) दिनांक 16.01.2015 द्वारा जारी नमूना भर्ती नियमों के अनुसार

			उपलब्ध नहीं है तो, सक्षम प्राधिकारी/कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में अनुभव से संबंधित शैक्षणिक योग्यताओं में लिखित कारण दर्ज करते हुए छूट दी जा सकती है।	
8.	क्या पदोन्नति के मामलों में भी सीधी भर्ती के लिए निर्धारित की गईं आयु-सीमा एवं शैक्षिक योग्यताएं लागू होंगी।	लागू नहीं	लागू नहीं	डीओपीटी के का.ज्ञा. सं. एबी-14017/11/2014स्था. (आरआर) दिनांक 16.01.2015 द्वारा जारी नमूना भर्ती नियमों के अनुसार
9.	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो तो	दो वर्ष	सीधे भर्ती होने वालों के लिए दो वर्ष तथा पदोन्नत होने वालों के लिए शून्य	वही
10.	नियुक्ति की पद्धति, सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा अन्य विभिन्न तरीकों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	सीधी भर्ती द्वारा	सीधी भर्ती द्वारा	
11.	भर्ती/पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/आमेलन के द्वारा भर्ती की स्थिति में जिस पद से पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति होनी है उसका वेतन मैट्रिक्स में लेवल	लागू नहीं	लागू नहीं	-
12.	यदि विभागीय पदोन्नति समिति अस्तित्व में है तो इसका संयोजन	**निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनी (स्थायीकरण पर विचार हेतु) समूह 'ग' विभागीय पदोन्नति समिति:** 1. निदेशक, केन्द्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो)-अध्यक्ष 2. प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी (प्रशासन), केन्द्रीय	कोई बदलाव नहीं	

		न्यायवैधक प्रयोगशाला (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) – सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो –सदस्य 4. गृह मंत्रालय के अपर सचिव –सदस्य		
13.	भर्ती की प्रक्रिया में वे परिस्थितियां जिनमें संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श की जानी है।	लागू नहीं	कोई बदलाव नहीं	

[फा. सं. 9-41/2014-सीएफएसएल(सीबीआई)]

आर. के. सोनी, अवर सचिव

New Delhi, the 11th January, 2018

G.S.R. 25 .—In Exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in partial supersession of the Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) (Group 'C' Posts) Recruitment Rules, 2008, in so far as it relates to the post of Store Keeper, Grade-I, Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation), except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules, regulating the method of recruitment to the post of Store keeper, Grade-I, in the Central Forensic Science Laboratory, (Central Bureau of Investigation), in the Ministry of Home Affairs, namely:-

1. **Short title and commencement.** —(1) These rules may be called the Central Forensic Science Laboratory, Central Bureau of Investigation, Store Keeper, Group 'C' Post Recruitment Rules, 2017.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of the Post, Classification, Level in the Pay Matrix.---**The number of said post, its classification, Level in the Pay Matrix attached thereto shall be as specified in columns (2 to 4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.---**The method of recruitment to the said post, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5 to 13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.—**No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or
(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to said post:

provided that the Central Government may, if satisfied that such a marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.:

5. **Power to Relax. ---**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reason to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving. ---** Nothing in these rules shall affect the reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of the persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of the post	Number of posts	Classification	Level in the Pay Matrix	Whether selection post or non-selection post.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Store Keeper, Grade-I	(2017) 1* *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group C, Non-Gazetted, Non-Ministerial.	4	Not applicable

Age-limit for direct recruits
(6)
Between 18 to 25 years (Relaxable for Government Servants up to 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government.) **Note :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of J & K state, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman & Nicobar Islands of Lakshadweep). OR The crucial date for determining the age-limit shall be as advertised by the Staff Selection Commission. (Not applicable – in case direct recruitment is not a method of recruitments). (The age-limit shall be 'Between 18 and 27 years' if the direct recruitment is by the method of Direct Open Competitive Examination)

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any
(7)	(8)	(9)
(A)(i) 12th pass from a recognized Board/University. (ii) Two year experience in handling Stores and keeping Accounts in a Store or a concern of Central or State Govt., autonomous/statutory organization, PSUs or University/Banks or in a Private Sector Organization listed on the stock exchange(s) of India. OR (B)Bachelor's Degree with Commerce/Economics/Statistics/ Business Studies/Public Administration as a subject from a recognized University/Institute. **Note 1:** Qualifications are relaxable at the discretion of the Competent Authority/Staff Selection Commission for reasons to be recorded in writing in the case of candidates otherwise well qualified. **Note 2:** The Qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the competent authority Staff Selection Commission for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes, if at any stage of selection, the competent authority/Staff Selection Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.	Not Applicable	Two years for direct recruits. NIL for promotees.

Method recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation/absorption, grades from which promotion or deputation/absorption to be made
(10)	(11)
By direct recruitment	Not applicable

If a Departmental promotion Committee exists, what is its composition.	Circumstances which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.
(12)	(13)
Group 'C' Departmental Confirmation Committee consisting of : 1. Director Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) - Chairman 2. Principal Scientific Officer (Administration), Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) - Member 3. Administrative Officer, Central Bureau of Investigation - Member 4. Under Secretary, MHA, New Delhi - Member	Not applicable.

Sl. No.	Title of the Column	Provision in the Approved Rules	Revised Provision Proposed	Reason
1.	Name of the Post	Store Keeper Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation)	Store-keeper Grade-I	As per Model RRs issued vde OM No.AB-14017/11/2014-Estt.(RR) dated 16.01.2015
2.	Number of Post	1 *(2008) *Subject to variation dependent on workload	1 *(2017) *Subject to variation dependent on workload	Only year is changed
3.	Classification	General Central Service (Group C), Non-Gazetted Non-Ministerial.	No Change	
4.	LEVEL in the PAY MATRIX	Rs. 4000-100-6000	**4**	As per 7^{th} CPC Recommendations
5.	Whether selection post or non-selection post	Not applicable	Not applicable	
6.	Age-limit for direct recruits	Between 18 to 25 years (Relaxable for Government Servants up to 40 years in case of General candidates and upto 45 years in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes in accordance with the instructions or orders issued by the Central	Between 18 to 25 years (Relaxable for Government Servants up to 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government.) **Note :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates	As per Model RRs issued vide OM No.AB-14017/ 11/2014-Estt.(RR) dated 16.01.2015 of DoPT.

		Government from time to time). **Note 1 :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, the Andaman and Nicobar or Lakshadweep). **Note 2 :** In the case of recruitment made through the Employment Exchange the crucial date for determining the age limit shall be the last date upto which the Employment Exchange is asked to submit the names.	in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of J & K state, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman & Nicobar Islands of Lakshadweep). OR The crucial date for determining the age-limit shall be as advertised by the Staff Selection Commission. (Not applicable – in case direct recruitment is not a method of recruitments. (The age-limit shall be 'Between 18 to 27 years' if the direct recruitment is by the method of Direct Open Competitive Examination)	
7.	Educational and other qualifications required for direct recruits	(i) Matriculation or equivalent from a recognised Board or University. (ii) One year experience in handling store and keeping accounts in a concern of repute in Public or Private Sector. **Desirable :** Diploma in Accountancy or a Bachelor's Degree with Commerce or Economics or Statistics as a Subject. **Note :** the Qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the competent authority for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes, if at any stage of selection the competent authority is the opinion that sufficient number of requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.	(A)(i) 12 pass from a recognized Board/ University. (ii) Two year experience in handling Stores and keeping Accounts in a Store or a concern of Central or State Govt., autonomous/statutory organization, PSUs or University/Banks or in a Private Sector Organization listed on the stock exchange(s) of India. OR (B) Bachelor's Degree with Commerce/Economics/ Statistics/Business Studies/ Public Administration as a subject from a recognized University/ Institute. **Note 1:** Qualifications are relaxable at the discretion of the Competent Authority/ Staff Selection Commission for reasons to be recorded in writing in the case of candidates otherwise well qualified.	As per Model RRs issued vide OM No.AB-14017/ 11/2014-Estt.(RR) dated 16.01.2015 of DoPT.

			Note 2: The Qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the competent authority Staff Selection Commission for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes, if at any stage of selection, the competent authority/Staff Selection Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.	
8.	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Not applicable	Not Applicable	As per Model RRs issued vide OM No.AB-14017/ 11/2014-Estt.(RR) dated 16.01.2015 of DoPT
9.	Period of probation, if any	Two years	Two years for direct recruits, NIL for promotees.	--do--
10.	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods.	By Direct Recruitment	By Direct recruitment.	
11.	In case of recruitment/deputation/absorption, Level in the Pay Matrix/ from which promotion/ deputation/absorption to be made	Not applicable	Not applicable	
12.	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.	**Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering confirmation) consisting of :** 1. Director Central Forensic Science Laboratory, Central	No change	

		Bureau of Investigation) - Chairman 2. Principal Scientific Officer (Administration), Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) - Member 3. Administrative Officer, Central Bureau of Investigation - Member 4. Under Secretary of MHA, New Delhi –Member		
13.	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment	Not applicable.	No Change.	

[F. No. 9-41/2014-CFSL(CBI)]

R. K. SONI, Under Secy.

(केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला)

नई दिल्ली, 11 जनवरी, 2018

सा.का.नि.26.—राष्ट्रपति एतद्द्वारा संविधान के अनुच्छेद 309 के प्रावधानों के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) (समूह-ग पदों) के भर्ती नियम, 2008, जो केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) में स्टॉफ कार ड्राइवर के पद से संबंधित है, ने उन बातों के सिवाय जिन्हें अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या जिनका लोप किया गया है, के लिए गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) में स्टॉफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड) के पद के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.—**(1) इन नियमों को केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, गृह मंत्रालय स्टॉफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड) वर्ग-ग पद भर्ती नियम 2017 कहा जाएगा ।

(2) यह नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे ।

2. **पदों की संख्या, इनका वर्गीकरण, पे-मैट्रिक्स के स्तर.—**पदों की संख्या, उनके वर्गीकरण तथा पे-मैट्रिक्स के स्तर इन नियमों के साथ जुड़ी अनुसूची के कॉलम संख्या (2) से (4) में दिए गए के अनुसार होंगे ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, शैक्षणिक योग्यताएं आदि.—**भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, शैक्षणिक योग्यताएं एवं इनसे जुड़े अन्य मामले कथित अनुसूची के कॉलम संख्या (5) से (13) के अनुसार होंगे।

4. **निरहर्ता.**–वह व्यक्ति,-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार के लिए लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केंद्र सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. **व्यायवृत्ति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिक और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	पे-मैट्रिक्स का स्तर	चयनित पद या गैर चयनित पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
स्टॉफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड)	3* (2017) *कार्यभार पर निर्भरता के अनुसार परिवर्तन	सार्वजनिक केंद्रीय सेवा वर्ग- 'ग' अराजपत्रित गैर-मंत्रालयी	2	लागू नहीं

सीधी भर्ती हेतु आयु-सीमा
(6)
18-25 वर्ष (केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों या आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को 40 वर्ष तक की रियायत) **नोट 1 :** उम्र सीमा तय करने की महत्वपूर्ण तारीख भारत में उम्मीदवारों से आवेदन पत्र प्राप्त करने की समापन तिथि के अनुसार होगी (न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य का लद्दाख क्षेत्र, लाहौल और स्पीति जिला और हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले के पंगी अनुमंडल, लक्षद्वीप या अंडमान और निकोबार द्वीप के लिए निर्धारित की गई समापन तिथि के अनुसार)।

सीधी भर्तियों के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य योग्यताएं	सीधी भर्तियों के लिए निर्धारित उम्र और शैक्षिक योग्यताओं को पदोन्नत प्रार्थियों के मामले में भी लागू किया जाएगा, या नहीं ।	परिवीक्षा अवधि, यदि कोई हो
(7)	(8)	(9)
अनिवार्यः (i) मोटरगाड़ी चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस । (ii) मोटरगाड़ी की मशीनों का ज्ञान (अभ्यर्थी को गाड़ी में होने वाली छोटी-मोटी खराबियों को ठीक करने में सक्षम होना चाहिए) (iii) मोटरगाड़ी चलाने का कम से कम तीन साल का अनुभव ; और (iv) 10वीं कक्षा उतीर्ण ।	लागू नहीं	सीधी भर्ती वाले या पुनर्नियुक्त होने वालों के लिए 2 वर्ष

भर्ती पद्धति, सीधी भर्ती द्वारा या पदोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन के माध्यम से और विभिन्न पद्धतियों द्वारा रिक्त पदों को भरे जाने का प्रतिशत।	पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन की स्थिति में पे-मैट्रिक्स का स्तर जिससे पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन की जानी है।
(10)	(11)
प्रतिनियुक्ति/आमेलन न किए जाने की स्थिति में सीधी भर्ती द्वारा सशस्त्र बलों के कार्मिकों के लिए:- प्रतिनियुक्ति/ पुर्ननियुक्ति	**1. प्रतिनियुक्ति/आमेलन :-** केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) में पे-मैट्रिक्स के स्तर पर कार्यरत वर्ग-'ग' के कर्मचारी और नियमित डिस्पैच राइडर (वर्ग--'ग') के ऐसे कर्मचारी जिनके पास मोटरगाड़ी चलाने की क्षमता के मूल्यांकन के लिए ड्राइविंग टेस्ट के आधार पर वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो, जिसके न होने पर केंद्रीय सरकार के अन्य मंत्रालयों में पे-मैट्रिक्स स्तर 1 में नियमित रूप से डिस्पेच राइडर अथवा नियमित रूप से कार्यरत समूह-'ग' के कर्मचारी जो कॉलम 7 में उल्लेखित आवश्यक योग्यताओं को पूरा करतें हैं। सशस्त्र बलों के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति/पुनः नियुक्तिः सशस्त्र बलों के वे कर्मचारी जो सेवा-निवृत्त होने वाले हैं या जिनका स्थानांतरण एक वर्ष की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना है और जिनके पास निर्धारित योग्यता एवं आवश्यक शैक्षिक अहर्ताएं हैं, पर भी विचार किया जाएगा। ऐसे व्यक्तियों की प्रतिनियुक्ति की अवधि, सशस्त्र बलों से उनकी कार्यमुक्ति की तिथि तक होगीः इसके पश्चात वे पुनः नियुक्ति पर जारी रह सकते हैं। केंद्र सरकार के उसी अथवा अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पूर्व अन्य बाह्य संवर्ग में धारित पद सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्य तौर पर तीन वर्षों से अधिक नहीं होगी। नोटः प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा होने वाली नियुक्ति की आयु-सीमा आवेदन पत्र प्राप्त करने की समापन तिथि तक छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

यदि कोई विभागीय पदोन्नति समिति मौजूद है तो, उसका संयोजन	नियुक्तियां करते वक्त जिन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से सलाह-मश्विरा की जा सकती है।
(12)	(13)
निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनी (संपुष्टि पर विचार करने हेतु) वर्ग 'ग' विभागीय पदोन्नति समितिः 1. निदेशक, केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) - अध्यक्ष 2. प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी (प्रशासन), केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) - सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सदस्य 4. गृह मंत्रालय के अपर सचिव - सदस्य	लागू नहीं

क्रम सं.	कॉलम का शीर्ष	अनुमोदित नियमों में प्रावधान	प्रस्तावित संशोधित प्रावधान	कारण
1.	पद का नाम	स्टॉफ कार ड्राइवर, केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो)	स्टॉफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड)	डीओपीटी के सं. एबी-14017/10/2014-स्था.(आरआर) (3104937) दिनांक 04.07.2014 के माध्यम से जारी नमूने आरआर के अनुसार
2.	पदों की संख्या	3 • (2008) • कार्यभार पर निर्भरता के अनुसार परिवर्तन	3 • (2017 • कार्यभार पर निर्भरता के अनुसार परिवर्तन	केवल वर्ष बदलता है।
3.	वर्गीकरण	सामान्य केंद्रीय सेवा (वर्ग- 'ग'), अराजपत्रित गैर-मंत्रालयी।	कोई बदलाव नहीं	-
4.	पे-मैट्रिक्स के स्तर	रु. 3050-75-3950-80-4590	2	सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार।
5.	चयनित पद या गैर चयनित पद।	लागू नहीं	कोई बदलाव नहीं	-
6.	सीधी भर्तियों के लिए आयु-सीमा	18 से 25 वर्ष की आयु के बीच (केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों/निर्देशों के अनुसार सामान्य वर्ग के सरकारी सेवकों को 40 वर्ष, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों को 45 वर्ष तक आयु में छूट दी जा सकती है। **नोट 1:** आयु-सीमा के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि भारत के उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी (एवं न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य का लद्दाख क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश राज्य के लछुअल एवं स्पीति और चंबा जिले के पंगी अनुमंडल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह लक्षद्वीप के लिए निर्धारित की अंतिम तिथि) **नोट 2 :** रोजगार केंद्र के माध्यम से की जाने वाली भर्ती की स्थिति में आयु-सीमा निर्धारण की अंतिम तिथि उस तिथि तक होगी जिस तिथि तक रोजगार केंद्र को नाम प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।	18 से 25 वर्ष । (केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों या आदेशों के अनुरूप सरकारी कर्मचारियों को 40 वर्ष की अवधि तक की आयु-सीमा की छूट प्राप्त होगी। **नोट1:** आयु-सीमा के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि भारत के उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी (एवं न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य का लद्दाख क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश राज्य के लछुअल एवं स्पीति और चंबा जिले के पंगी अनुमंडल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह लक्षद्वीप के लिए निर्धारित की अंतिम तिथि) • यदि सीधी भर्ती, खुली प्रतियोगी परीक्षा द्वारा की जानी हो तो आयु-सीमा 18 - 27 वर्ष होगी।	डीओपीटी के सं. एबी-14017/10/2014-स्था.(आरआर) (3104937) दिनांक 04.07.2014 के माध्यम से जारी नमूने आरआर के अनुसार
7.	सीधी भर्ती हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अन्य	**अनिवार्यः** (i) मोटरगाड़ियों के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस का होना।	**अनिवार्यः** (i) मोटरगाड़ियों के लिए वैध ड्राइविंग	डीओपीटी के सं. एबी-14017/10/2014-स्था.(आरआर)

	अर्हताएं।	(ii) मोटरगाड़ियों की मशीनों का ज्ञान (उम्मीदवार को गाड़ी में होने वाली छोटी-मोटी खराबियों को ठीक करने में सक्षम होना चाहिए। (iii) गाड़ी चलाने का कम से कम तीन साल का अनुभव। **वांछनीयः** (i) 8वीं उत्तीर्ण (ii) गृह रक्षक या सिविल वोलेन्टियर के रूप में तीन वर्ष की सेवा। **नोटः** यदि चयन के किसी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी की यह राय है कि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए इन समुदायों के अनुभवी अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या नहीं है तो वह इन कारणों को लिखित में दर्ज करते हुए अपने विवेकानुसार अनुभव में छूट दे सकता है।	लाइसेंस का होना। (ii) मोटरगाड़ियों की मशीनों का ज्ञान (उम्मीदवार को गाड़ी में होने वाली छोटी-मोटी खराबियों को ठीक करने में सक्षम होना चाहिए। (iii) गाड़ी चलाने का कम से कम तीन साल का अनुभव। (iv) 10वीं उत्तीर्ण **वांछनीयः** गृह रक्षक या सिविल वोलेन्टियर के रूप में तीन वर्ष की सेवा।	(3104937) दिनांक 04.07.2014 के माध्यम से जारी नमूने आरआर के अनुसार
8.	क्या पदोन्नति के मामले में भी सीधी भर्ती के लिए निर्धारित की गई आयु-सीमा एवं शैक्षिक योग्यताएं लागू होंगी।	लागू नहीं	कोई बदलाव नहीं	डीओपीटी के सं. एबी-14017/10/2014-स्था.(आरआर) (3104937) दिनांक 04.07.2014 के माध्यम से जारी नमूने आरआर के अनुसार
9.	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो तो	दो वर्ष	पुनः नियुक्त होने वाले या सीधी भर्ती के लिए दो वर्ष।	डीओपीटी के सं. एबी-14017/10/2014-स्था.(आरआर) (3104937) दिनांक 04.07.2014 के माध्यम से जारी नमूने आरआर के अनुसार
10.	नियुक्ति की पद्धति, सीधी भर्ती द्वारा अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा तथा अन्य विभिन्न तरीकों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत।	सीधी भर्ती द्वारा जिसके न होने पर प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा	प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा जिसके न होने पर सीधी भर्ती द्वारा। सशस्त्र बलों के कर्मचारियों के लिएः प्रतिनियुक्ति/ पुनः नियुक्ति	डीओपीटी के सं. एबी-14017/10/2014-स्था.(आरआर) (3104937) दिनांक 04.07.2014 के माध्यम से जारी नमूने आरआर के अनुसार
11.	पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन के द्वारा भर्ती की स्थिति	प्रतिनियुक्ति/आमेलन कॉलम 8 में उल्लेखित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता रखने वाले किसी उपयुक्त ड्राइवर को किसी अन्य सरकारी संगठन से लिया जा सकता है।	1. प्रतिनियुक्ति/आमेलन :- केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) में पे-	डीओपीटी के सं. एबी-14017/10/2014-स्था.(आरआर) (3104937) दिनांक

	में जिस पद से पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/ स्थानांतरण किया जाना है उसका ग्रेड	(सामान्य तौर पर प्रतिनियुक्ति की अवधि 5 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।	मैट्रिक्स के स्तर पर कार्यरत वर्ग-'ग' के कर्मचारी और नियमित डिस्पैच राइडर (वर्ग-'ग') के ऐसे कर्मचारी जिनके पास मोटरगाड़ी चलाने की क्षमता के मूल्यांकन के लिए ड्राइविंग टेस्ट के आधार पर वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो, जिसके न होने पर केंद्रीय सरकार के अन्य मंत्रालयों में पे-मैट्रिक्स स्तर 1 में नियमित रूप से डिस्पेच राइडर अथवा नियमित रूप से कार्यरत समूह-'ग' के कर्मचारी जो कॉलम 7 में उल्लेखित आवश्यक योग्यताओं को पूरा करतें हैं। सशस्त्र बलों के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति/पुनः नियुक्तिः सशस्त्र बलों के वे कर्मचारी जो सेवा-निवृत्त होने वाले हैं या जिनका स्थानांतरण एक वर्ष की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना है और जिनके पास निर्धारित योग्यता एवं आवश्यक शैक्षिक अहर्ताएं हैं, पर भी विचार किया जाएगा। ऐसे व्यक्तियों की प्रतिनियुक्ति की अवधि, सशस्त्र बलों से उनकी कार्यमुक्ति की तिथि तक होगीः इसके पश्चात वे पुनः नियुक्ति पर जारी रह सकते हैं। केंद्रीय सरकार के उसी अथवा अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पूर्व अन्य बाह्य संवर्ग में धारित पद सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्य तौर पर तीन वर्षों से अधिक नहीं होगी। **नोटः** प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा होने वाली नियुक्ति की आयु-सीमा आवेदन पत्र प्राप्त करने की समापन तिथि तक छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।	04.07.2014 के माध्यम से जारी नमूने आरआर के अनुसार
12.	यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका संयोजन।	**निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनी (विचार एवं पुष्टि हेतु) वर्ग 'ग' विभागीय पदोन्नति समितिः** 1. निदेशक, केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला	कोई बदलाव नहीं	

		(केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) - अध्यक्ष 2. प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी (प्रशासन), केंद्रीय न्यायवैधक प्रयोगशाला (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) - सदस्य 3. प्रशासनिक अधिकारी, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सदस्य 4. गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के अपर सचिव - सदस्य		
13	भर्ती करने की परिस्थितियां जिनमें संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श की जानी है।	लागू नहीं	कोई बदलाव नहीं	

[फा. सं. 9-41/2014-सीएफएसएल(सीबीआई)]

आर. के. सोनी, अवर सचिव

(CENTRAL FORENSIC SCIENCE LABORATORY)

New Delhi, the 11th January, 2018

G.S.R.26 .—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) (Group 'C' Posts) Recruitment Rules, 2008, in so far as it relates to the post of Staff Car Driver Central Forensic Science Laboratory, (Central Bureau of Investigation), except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Staff Car Driver (Ordinary Grade) in the Central Forensic Science Laboratory, Central Bureau of Investigation, Ministry of Home Affairs, namely:-

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Central Forensic Science Laboratory, Central Bureau of Investigation, Staff Car Driver (Ordinary Grade), Group 'C' Post Recruitment Rules, 2017.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, classification, Level in the pay Matrix.—**The number of post, its classification, Level in the Pay Matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.—**The method of recruitment to the said post, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.—**No person, ---

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government, may, if satisfied that such a marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage, and that there are grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of the persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of the post	Number of posts	Classification	Level in the Pay Matrix	Whether selection post or non-selection post
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Staff Car Driver (Ordinary Grade)	3* (2017) * Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial.	2	Not applicable

Age-limit for direct recruits
(6)
18-25 years. (Relaxable for Government servants up to 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). **Note 1 :** The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands or Lakshadweep). **Note: 2 :** If the 'direct recruitment' is to be made by 'direct open competitive examination, the age-limit shall be 18-27 years.

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any
(7)	(8)	(9)
Essential : (i) Possession of a valid driving license for motor cars; (ii) knowledge of motor mechanism (the candidate should be able to remove minor-defect in vehicle); (iii) experience of driving a motor car for at least three years.; and (iv) pass in 10th standard. **Desirable:** Three years service as Home Guard or Civil Volunteer. **Note 1 :** The qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the competent authority for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or Scheduled Tribes, if at any stage of selection, the competent authority is of the opinion that the sufficient number of candidates with requisite experience is not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them.	Not applicable	Two years for direct recruits or re-employed.

Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation/absorption, Level in the Pay Matrix from which promotion or deputation/absorption to be made
(10)	(11)
Deputation/absorption failing which by direct recruitment. **For Armed Forces Personnel:** Deputation/re-employment	1**. Deputation/absorption:** From amongst the regular Dispatch Rider (Group C) and Group 'C' employees in Level in the PAY MATRIX 1 in the Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) who posses valid driving license for motor car on the basis of a diving test to assess the competence to drive motor cars failing which from officials holding the post of Dispatch Rider on regular basis or regular Group 'C' employees in Level in the PAY MATRIX– Level-1 in other Ministries of the Central Government who fulfil the necessary qualification as mentioned in column (7). Deputation/re-employment of Armed Forces Personnel: The Armed Forces Personnel due to retire or who are to be transferred to reserve with a period of one year and having the requisite experience and qualifications prescribed shall also be considered. Such persons would be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed Forces; thereafter they may be continued on re-employment. **Note :** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/Department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. **Note :** The Maximum age-limit for appointment by deputation/absorption shall be 'not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications.

If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(12)	(13)
Group 'C' Department promotion Committee (for considering confirmation) consisting of : 1. Director, Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation). - Chairman 2. Principal Scientific Officer (Administration), Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) - Member 3. Administrative Officer, Central Bureau of Investigation - Member 4. Under Secretary, MHA, New Delhi. - Member	Not applicable.

Col. No.	Title of the Column	Provision in the Approved Rules	Revised Provision Proposed	Reason
1.	Name of the Post	Staff Car Driver Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation).	Staff Car Driver (Ordinary grade)	As per Model RR issued by DoPT vide No.AB-14017/10/2014-Estt (RR)(3104937) dated 04/07/2014.
2.	No. of Post	3 * (2008) *Subject to variation dependent on workload	3 * (2017) *Subject to variation dependent on workload	Only year is changed
3.	Classification	General Central Service (Group C), Non-Gazetted Non-Ministerial	No change	
4.	Level in the PAY MATRIX	Rs. 3050-75-3950-80-4590	2	As per the recommendations of 7th CPC
5.	Whether selection post or non-selection post	Not applicable	No Change	
6.	Age-limit for direct recruits	Between 18 to 25 years (Relaxable for Government Servants up to the age of 40 years in case of General candidates and upto 45 years in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government from time to time). **Note 1 :** The crucial date for determining the age- limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, the Andaman and Nicobar or Lakshadweep). **Note 2 :** In the case of recruitment made through the Employment Exchange the crucial date for determining the age limit shall be the last date upto which the Employment Exchange is asked to submit the names.	18-25 years. (Relaxable for Government servants up to 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). **Note 1 :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir state, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands or Lakshadweep). • If the 'direct recruitment' is to be made by 'direct open competitive Examination, the age;limit would be 18-27 years.	As per Model RR issued by DoPT vide No.AB-14017/10/2014-Estt (RR)(3104937) dated 04/07/2014.

7.	Educational and other qualifications required for direct recruits	**Essential :** (I) Possession of a valid driving licence for motor cars. (II) Knowledge of motor mechanism (candidate should be able to remove minor defects in vehicles) (III) Experience of driving a motor car for at least three years. **Desirable :** (I) A pass in the 8th Standard. (II) Three years service as Home Guard or Civil Volunteers. **Note :** The qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the competent authority for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled castes or Scheduled Tribes, if at any stage of selection the competent authority is of the opinion that sufficient number authority is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.	**Essential :** (i) Possession of a valid driving license for motor cars; (ii) knowledge of motor mechanism (The candidate should be able to remove minor-defects in vehicle); (iii) experience of driving a motor car for at least three years.; and (iv) pass in 10th standard. **Desirable**: 3 years' service as Home Guard/ Civil Volunteer. **Note 1:** The qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the competent authority. **Note 2:** In the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or Scheduled Tribes if at any stage of selection, the competent authority is of the opinion that the sufficient number of candidates with requisite experience is not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them.	As per Model RR issued by DoPT vide No.AB-14017/10/2014-Estt (RR)(3104937) dated 04/07/2014
8.	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Not applicable	No Change	
9.	Period of probation, if any	Two years	Two years for direct recruits or re-employed.	As per Model RR issued by DoPT vide No.AB-14017/10/2014-Estt (RR)(3104937) dated 04/07/2014
10.	Methods of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption	By Direct Recruitment failing which by deputation or absorption.	Deputation/absorption failing which by direct recruitment. **For Armed Forces Personnel:**	As per Model RR issued by DoPT vide No.AB-14017/10/2014-Estt (RR)(3104937) dated 04/07/2014

	and percentage of the posts to be filled by various methods.		Deputation/re-employment.	
11.	In case of recruitment by Promotion/ deputation/ Absorption, grades from which promotion/ deputation/transfer to be made	Deputation or Absorption By taking suitable driver from other Government organisation who fulfil the necessary qualifications as mentioned in Col. 8. (Period of deputation ordinarily not exceeding five years).	1.Deputation/absorption: From amongst the regular Dispatch Rider (Group C) and Group 'C' employees in Level in the Pay Matrix 1 in the Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) who posses valid driving license for motor car on the basis of a driving test to assess the competence to drive motor cars failing which from officials holding the post of Dispatch Rider on regular basis or regular Group 'C' employees in Level in the PAY MATRIX - 1 in other Ministries of the Central Government who fulfill the necessary qualification as mentioned in column (7). Deputation/ re-employment of Armed Forces Personnel: The Armed Forces Personnel due to retire or who are to be transferred to reserve with a period of one year and having the requisite experience and qualifications prescribed shall also be considered. Such persons would be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed Forces; thereafter they may be continued on re-employment. **Note 1:** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/Department of the Central Government shall ordinarily not exceed	As per Model RR issued by DoPT vide No.AB-14017/10/2014-Estt (RR)(3104937) dated 04/07/2014 and 7 CPC.

			three years.The maximum age-limit for appointment by deputation/absorption shall be 'not exceeding 56 years' as on the closing date of receipt of applications.	
12.	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	**Group 'C' Department promotion Committee (for considering and confirmation) consisting of :** 1. Director, Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation). - Chairman 2. Principal Scientific Officer (Administration), Central Forensic Science Laboratory (Central Bureau of Investigation) - Member 3. Administrative Officer, Central Bureau of Investigation - Member 4. Under Secretary of MHA, New Delhi. - Member	No Change	
13.	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment	Not applicable	No Change.	

[F. No. 9-41/2014-CFSL(CBI)

R. K. SONI, Under Secy.

नई दिल्ली, 16 जनवरी, 2018

सा.का.नि.27.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय अधीन केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में टेलिफोन प्रचालक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् : -

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल (टेलिफोन प्रचालक), भर्ती नियम, 2018 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं, आदि.**—उक्त पद, पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,--

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है ,विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त नियमों के अधीन नियुक्ति का पात्र नहीं होगा;

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति.—जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिए जो कारण हैं ,उन्हें लेखबद्ध करके ,इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन पद अथवा अचयन पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
टेलिफोन प्रचालक	01* (2018) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय।	स्तर 3 (रु. 21700-69100/-)	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य आर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक आर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
(6)	(7)	(8)	(9)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितयों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(10)	(11)	(12)	(13)
प्रतिनियुक्ति	**प्रतिनियुक्तिः** केंद्रीय अथवा राज्य पुलिस संगठन के ऐसे अधिकारीः- (क)(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात सदृश पद धारित किए हुए हो।	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता।

	(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते हों:- **आवश्यकः** (i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं पास अथवा समतुल्य। (ii) सरकारी प्राधिकृत समुत्थान से इलेक्ट्रोनिक प्राइवेट ऑटोमेटिक ब्रांच ऐक्सचेंज (ई.पी.ए.बी.एक्स.) में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव। **वांछनीयः** (i) कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान। (ii) हिंदी और अंग्रेजी भाषा बोलने में प्रवीणता। **टिप्पण 1 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 2 :** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।		

[फा. सं.-23011/203/2016-पीटी]

अजय कुमार सिंह,अवर सचिव

New Delhi, the 16th January, 2018

G.S.R.27 .—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Telephone Operator in the Central Academy for Police Training, Bhopal under the Bureau of Police Research and Development, Ministry of Home Affairs, namely :-

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Central Academy for Police Training, Bhopal (Telephone Operator) Recruitment Rules, 2018.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in the pay matrix .—**The number of the post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc. —**The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in column (5) to (13) of the Schedule.

4. **Disqualifications.—**No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules, with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-Servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	Number of post	Classification	Level in the pay matrix	Whether selection post or non-selection post
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Telephone Operator	01* (2018) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial.	Level – 3 (Rs. 21700-69100/-).	Not applicable

Age-limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any
(6)	(7)	(8)	(9)
Not applicable	Not applicable	Not applicable	Not applicable

Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of the vacancies be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, level from which promotion or deputation or absorption to be made	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(10)	(11)	(12)	(13)
Deputation	**Deputation:** Officer of the Central or State Police Organisation: - (a) holding analogous post after appointment thereto on regular basis in the parent cadre or department. (b) possessing the following educational qualifications and experience:- **Essential :** (i) 12^{th} class or equivalent pass from a recognised Board. (ii) one year's experience in handling Electronic Private Automatic Branch Exchange from a government authorised concern.	Not applicable	Not applicable.

	Desirable: (i) working knowledge of computer. (ii) spoken language proficiency in English and Hindi. **Note 1:** Period of deputation, including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. **Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications.		

[F. No. 23011/203/2016-PT]

AJAY KUMAR SINGH, Under Secy.

नई दिल्ली, 18 जनवरी, 2018

सा.का.नि.28.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, नागपुर में अनुदेशक के पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात्:

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, नागपुर (अनुदेशक) भर्ती नियम, 2017 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**—पद की संख्या, उसका वर्गीकरण, और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.**—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त/पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति.—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पद संख्या	वर्गीकरण
(1)	(2)	(3)
अनुदेशक	3* (2017) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित

वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन या अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा
(4)	(5)	(6)
स्तर-5 (29200-92300 रु.)	लागू नहीं होता	21 वर्ष और 27 वर्ष के बीच (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए चालीस वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।) **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।
(7)	(8)	(9)
आवश्यक: मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान में अधिमानत: बेचलर डिग्री या मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान या राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से इंजीनियरिंग की किसी शाखा में डिप्लोमा या समतुल्य; **शारीरिक मानदंड:** ऊंचाई-165 सेमी. से अन्यून (पहाड़ी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए 5 सेमी. शिथिलनीय), सीना-81 सेमी. सामान्य, न्यूनतम फुलाव 5 सेमी. भार 50 किग्रा से अन्यून, श्रवण शक्ति, सामान्य, वाणी, सामान्य.	लागू नहीं होता	दो वर्ष

वांछनीय: 1. मान्यताप्राप्त संस्थान से मेडिकल फर्स्ट एड रेस्पोंडर अथवा अरबन सर्च एण्ड रेसक्यू कोर्स 2. पूर्णकालिक सेवा संगठन या राष्ट्रीय अग्निसेवा महाविद्यालय, नागपुर में अग्निशमन या अध्यापन या प्रशिक्षण में अनुभव; 3. भारी वाहन का विधिमान्य ड्राइविंग लायसेंस 4. राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, नागपुर से उप-अधिकारी पाठयक्रम में उत्तीर्ण; **निरर्हता:** शारीरिक विकृति, लंबी बीमारी, वर्णान्धता, भेंगापन, सपाट पैर, जुड़ी टांगे परादर्शक त्रुटि को निरर्हता के रूप में माना जाएगा। **टिप्पण 1:** अन्यथा अर्हक अभ्यर्थियों के मामले में कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपने विवेकानुसार अर्हताओं में छूट प्रदान की जा सकती है। **टिप्पण 2:** अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों से संबंधित मामलों में अनुभव संबंधी योग्यता में कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर तब छूट प्रदान की जा सकती है जब चयन प्रक्रिया के किसी स्तर पर कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्राधिकारी की यह राय हो कि इन समुदायों के लिए आरक्षित पदों को भरने हेतु अनूसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के अपेक्षित अनुभव धारक अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे।		

भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा
(10)	(11)
सीधी भर्ती द्वारा पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्हीं अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इसके अधिक की अवधि के लिए बाहर रहने के कारण रिक्तियां प्रतिनियुक्ति पर भरी जा सकेंगी।	**प्रतिनियुक्ति:** केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्धसरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के अधिकारी जो (क)(i) मूल सवंर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) पे मैट्रिक्स (25500-81100 रु.) वेतन के स्तर 4 में नियमित आधार पर इसकी नियुक्ति के पश्चात प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष सेवा की हो; और (ख) कॉलम (7) के अधीन सीधी भर्ती वाले अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित अर्हताएं एवं अनुभव रखते हों। **टिप्पण 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि

	शामिल है, साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। **टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु - सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना।	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
(12)	(13)
समूह 'ग' विभागीय अभिपुष्टि समिति (अभिपुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) में निम्निलखित होंगे :- 1. महानिदेशक, अग्निशमन सेवा, सिविल डिफेंस एंड होमगार्डस -अध्यक्ष 2. अग्निशमन सलाहकार, महानिदेशक अग्निशमन, सिविल डिफेंस और होमगार्ड का कार्यालय - सदस्य; और 3. निदेशक, राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा, महाविद्यालय, नागपुर - सदस्य	लागू नहीं होता।

[फा. सं. I-12014/01/2015-प्रशा. (सीडी) पार्ट फाइल]

गौतम घोष, निदेशक

New Delhi, the 18th January, 2018

G.S.R. 28.—In exercise of powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Instructor in the National Fire Service College, Nagpur under the Ministry of Home Affairs, namely:-

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the National Fire Service College, Nagpur (Instructor) Recruitment Rules, 2017.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in the pay matrix .—**The number of post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit and qualification, etc.—**The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto, shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.—**No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reason to be recorded in writing and relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving. —**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, Ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	Number of post	Classification
(1)	(2)	(3)
Instructor	3* (2017). *Subject to variation dependent on work load.	General Central Civil Service Group 'C' -Non-Gazetted. .

Level in pay matrix	Whether selection or non selection post	Age-limit for direct recruits
(4)	(5)	(6)
Level-5 (₹29200-92300/-)	Not applicable	Between 21 and 27 years. (Relaxable for Government servants upto forty years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government) **Note :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates except Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands and Lakshdaweep).

Educational and other qualifications required for direct recruits
(7)
Essential : 1. Bachelor Degree preferably in science from a recognised University or Three years Diploma in any branch of Engineering from a recognised University or Institution or State Technical Education Board. Physical Standard:- Height : Not less than 165 cm(relaxable by 5cm. for hill area candidates), Chest-81 cm normal, minimum expansion 5 cm. Weight- Not less than 50 kg , Hearing: Normal, Speech: Normal. **Desirable:** 1. Medical Fist Aid Responder (MFR)/ Urban Search & Rescue course (USAR) course from a recognised Institute. 2. Experience in fire fighting /teaching /training in a full time fire service organization/National Fire Service College, Nagpur. 3. Valid Heavy Vehicle Driving License. 4. Pass sub-Officers Course from the National Fire Service College, Nagpur. **Disqualification:** Physical deformity, chronic diseases, colour blindness, squint eye , flat foot, bow legs and refractive error will be consider as disqualification. **Note:** Person selected or appointed shall have to produce Medical Certificate of fitness from Civil Surgeon or District Medical Officer to the effect that the individual is able bodied and does not have any deficiency in any limb and not suffering from any contagious disease. **Note 1:** Qualifications are relaxable at the discretion of the Staff Selection Commission or Competent Authority in the case of candidates otherwise well qualified. **Note 2:** The qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the Staff Selection Commission or Competent Authority in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes if at any stage of selection the Staff Selection Commission or Competent Authority is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of Probation, If any
(8)	(9)
Not applicable	Two years for direct recruits

Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grades from which promotion or deputation or absorption to be made
(10)	(11)
By direct recruitment. **Note:** "Vacancies caused by the incumbent being away on deputation or long illness or study leave or under other circumstances for duration of one year or more may be filled on deputation basis from officers of Central Government or State Government or Union territories or Public Sector Undertakings or recognised research Institutions or Semi- Government or statutory or autonomous organizations. (a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department ; or (ii) with five years service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in the Level-4 (₹25500-81100); and (b) Possessing the qualifications and experience as prescribed for direct recruits under column (7).	Not applicable

If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition	Circumstance in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(12)	(13)
Group 'C' Departmental Promotion Committee(for promotion or Confirmation) Consisting of : 1. Director General Fire Service, Civil Defence and Home Guard – Chairperson 2. Fire Adviser O/o DG (FS, CD & HG) - Member; and 3. Director, National Fire Service college, Nagpur - Member.	Not applicable.

[F. No. I-12014/01/2015-Ad. (CD)Pt. file]

GOUTAM GHOSH, Director

वित्त मंत्रालय
(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 17 जनवरी, 2018

सा.का.नि.29.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति एतद्द्वारा केंद्रीय स्वापक ब्यूरो (समूह 'ख' पद) भर्ती नियम, 2001 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. (i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केंद्रीय स्वापक ब्यूरो (समूह 'ख' पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 2017 है।

   (ii) ये राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. केंद्रीय स्वापक ब्यूरो (समूह 'ख' पद) भर्ती नियम, 2001 में,-

   (अ) नियम 2 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्-

"2. पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा उनसे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में उनके स्तर को इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से (4) में विनिर्दिष्ट किया जाएगा।"

(आ) अनुसूची में,-

(i) स्तंभ (4) में,-

(क) स्तंभ शीर्ष के स्थान पर निम्नलिखित स्तंभ शीर्ष को रखा जाएगा, अर्थात् :-

"वेतन मैट्रिक्स में स्तर"

(ख) प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि को रखा जाएगा, अर्थात् :-

"वेतन मैट्रिक्स में स्तर 8 (47600-151100 रु.)"

(ii) स्तंभ (12) में, प्रोन्नति शीर्ष के अधीन "5000-8000 रु. के वेतनमान में निरीक्षक" शब्दों और अंको के स्थान पर "वेतन मैट्रिक्स (44900-142400 रु.) में स्तर 7 में निरीक्षक" शब्द, अंक और कोष्ठक को रखा जाएगा ।

[फा. सं. 10ए12/7/16-एडी-IIबी]

नगेन्द्र कुमार, अवर सचिव (एडी-IIबी)

टिप्पणी : प्रधान नियमावली को सा.का.नि. 392 दिनांक 19 जुलाई, 2001 के तहत भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया था।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 17th January, 2018

G.S.R. 29 .—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Central Bureau of Narcotics (Group 'B' Posts) Recruitment Rules, 2001, namely:-

1 (i) These rules may be called the Central Bureau of Narcotics (Group 'B' Posts) Recruitment (Amendment) Rules, 2017.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Bureau of Narcotics (Group 'B' Posts) Recruitment Rules, 2001, -

(A) for rule 2, the following rule shall be substituted, namely:-

"2. Number of posts, classification and Level in Pay Matrix. —The number of the said posts, their classification and Level in Pay Matrix attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.";

(B) in the Schedule, -

(i) in column (4),-

(a) for the column heading, the following column heading shall be substituted, namely:-

"Level in the pay matrix";

(b) for the entry, the following entry shall be substituted, namely:-

"Level 8 in the Pay Matrix (Rs. 47600-151100)"

(ii) in column (12), under the heading Promotion:, for the words and figures "Inspector in the scale of pay of Rs. 5000-8000", the words, figures and brackets "Inspector in Level 7 in the Pay Matrix (Rs. 44900-142400)", shall be substituted.

[F.No. 10A12/7/2016-Ad.IIB]

NAGENDRA KUMAR, Under Secy. (Ad.IIB)

Note: The principal rules were published in the Gazette of India vide number G.S.R. 392 dated the 19th July, 2001.

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग)

नई दिल्ली, 8 जनवरी, 2018

सा.का.नि. 30.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुछेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, विस्तार निदेशालय कैमरामैन-सह-प्लेट-मेकर और सहायक कैमरामेन-सह-प्लेट-मेकर (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम 2014, को उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, विस्तार निदेशालय, पूसा, नई दिल्ली में केमरामेन-सह-प्लेट-मेकर और सहायक कैमरामेन-सह-प्लेट-मेकर के पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियम करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, विस्तार निदेशालय, कैमरामेन-सह-प्लेट-मेकर और सहायक कैमरामेन-सह-प्लेट-मेकर, समूह 'ग' पद, भर्ती नियम, 2018 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना.—ये नियम इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (1) में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे।

3. पदों की संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वें होगे जो इन नियमों के उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि.—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उस पद से संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

5. निरर्हता.- वह व्यक्ति,-

(क) जिसने, ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या

(ख) जिसने, अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगाः

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. शिथिल करने की शक्ति.—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7. व्यावृत्ति.—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-सयम पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ें वर्गों भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पद की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	चयन पद है अथवा अचयन पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.कैमरामेन-सह-प्लेट-मेकर	2*(2018) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित, अननुसचिवीय।	स्तर-5, (रु. 29,200-92,300)	अचयन

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अहर्ताएं
(6)	(7)
18 से 27 वर्ष के बीच। (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए सामान्य अभ्यार्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष कर तथा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजातियों की दशा में शिथिल करकें 45 वर्ष तक की जा सकती है) **टिप्पणः** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यार्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पागी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है)	1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से 10+2 पास या समतुल्य। 2. कैमरा प्रणाली और प्लेट बनाने के कार्य में पाँच वर्षों का अनुभव। **टिप्पण 1:** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किये जाए कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण 2:** अनुभव संबंधी अर्हता उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाए कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर कर्मचारी चयन आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की सम्भावना नहीं है।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	**भर्ती की पद्धतिः** भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता
(8)	(9)	(10)
आयुः नहीं। **शैक्षित अर्हताः** हाँ।	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष।	40% प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा; और 60% सीधी भर्ती द्वारा।

प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा
(11)
प्रोन्नतिः ऐसे सहायक कैमरामेन-सह-प्लेट-मेकर जिन्होंने उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की हो। **टिप्पणः** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चकर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी सरंचना।	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।

(12)	(13)
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगेः- 1. उपनिदेशक (प्रशा.) विस्तार निदेशालय - अध्यक्ष 2. अवर सचिव (विस्तार), कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग - सदस्य 3. संयुक्त निदेशक (कृषि सूचना), विस्तार निदेशालय - सदस्य 4. केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य मंत्रालय या विभाग से एक समूह 'क' अधिकारी - सदस्य	लागू नहीं होता।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2. सहायक कैमरामेन-सह-प्लेट-मेकर	2*(2017) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित, अननुसचिवीय।	स्तर – 4, (रु. 25,500-81,100)	लागू नहीं होता

(6)	(7)
